हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 7 नवंबर 2025

06 बुंदेलखंड पैकेज की तर्ज पर जलजीवन में हो रही...




07 ढोढर में गुड सेफर्ड नहीं, जगदंबा स्कूल ही बनेगा...





## खबर संक्षेप

### विद्युत पेंशनर्स ने विधायक शैलेन्द्र जैन को सौंपा सम्मेलन का आमंत्रण

**सागर।** म.प्र. राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन, सागर क्षेत्र के पदाधिकारियों ने विधायक शैलेन्द्र जैन से उनके आवास में मुलाकात कर 15 दिसम्बर को रवीन्द्र भवन में आयोजित होने वाले वार्षिक क्षेत्रीय सम्मेलन का आमंत्रण सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने इस अवसर पर पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं जैसे महंगाई राहत के विलंबित आदेशों जैसे मामलों के निराकरण की ओर ध्यान आकर्षित कराया और समाधान हेतु हस्तक्षेप का आग्रह किया। विधायक जैन ने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन देते हुए सम्मेलन में सम्मिलित होने की सहमति दी। प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के सचिव राम लखन श्रीवास्तव अरविंद जैन, राजीव श्रीवास्तव, एस .पाठक, के.पी.पटेल, जे .पी. शर्मा, के.के.साहू, अनिल गुप्ता, धनराज पटेल आदि वरिष्ठ पेंशनर्स उपस्थित थे।

### एसआईआर की शिकायतों के लिए काल सेंटर स्थापित

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के द्वारा एसआईआर 2025 के सफल क्रियान्वनयन हेतु, एसआईआर के संबंध में प्राप्त शिकायतों के निराकरण के लिए काल सेंटर स्थापित किया गया है, आमजन 07582 224543 नंबर पर कॉल कर अपनी शिकायतों का निराकरण करा सकते है। निर्वाचन नामाबली के पुर्नरीक्षण हेतु स्थापित किए गए काल सेंटर में सहायक ई-गवर्नेंस मैनेजर, लोक सेवा प्रबंधक सहित अन्य कर्मचारियों की डयूटी दो पाली में लगाई जा रही है। मतदाता प्रातः 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक कॉल कर सकते है।

### भविष्य निधि जागरुकता कैंप का 17 से आयोजन

**सागर।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी सागर ने बताया कि जबलपुर कोषालय में 17 नबम्वर से 21 तक गुमशुदा कटौतियों एवं अप्रविष्ट मदों के निराकरण हेतु जी.पी.एफ. कैम्प आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कैम्प में अभिदाताओं की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु कार्यालय में पदस्थ समस्त शासकीय सेवकों को सूचित करें तथा अभिदाताओं को अपनी शिकायतों से संबंधित आवश्यक दस्तावेज (यथा- सामान्य भविष्य निधि कटौत्रा पत्रक, वेतन देयक, चालान की प्रति, कैशबुक, बिल रजिस्टर) की प्रमाणित प्रति के साथ, जिला कोषालय जबलपुर, कैम्प में अपनी शिकायतों का त्वरित समाधान के लिए उपस्थित हो सकते हैं।

### विधिक जागरुकता रैली का आयोजन 9 को होगा

**सागर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर के द्वारा 09 नबम्वर को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। उक्त रैली में न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण, छात्र-छात्राएं, विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण एवं आम जनता की सहभागिता रहेगी। रैली का शुभारंभ प्रातः 07:30 बजे पी.टी.सी ग्रांउड, सागर से प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जावेगा। रैली का शुभारंभ पी.टी.सी. ग्राउंड सिविल लाईन चौराहा कालीचरण चौराहा, जिला कलेक्ट्रेट जिला न्यायालय परिसर पर समापन होगा।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव आज

**सागर।** जिला खेल और युवा कल्याण विभाग सागर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन आज रविन्द्र भवन सभाग्रह में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जावेगा। जिले के युवा जिन्होने युवा उत्सव के लिए खेल परिसर सागर में आवेदन जमा किये है वे कृपया निर्धारित समय के पूर्व अपनी उपस्थित देना सुनिष्चित करें।

## किसान भाइयों से सतत संपर्क रखें, किसानों को लाभान्वित करेगी भावांतर योजना

# सभी राजस्व अधिकारी कृषि मंडियों में जाकर भावांतर योजना के तहत हो रही खरीदी की जांच करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सभी राजस्व अधिकारी कृषि मंडियों में प्रतिदिन जाकर भावांतर योजना के तहत की जा रही खरीदी की जांच करें एवं किसान भाइयों से सतत संपर्क रखें। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने समस्त राजस्व अधिकारियों को दिए। कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि सोयाबीन उत्पादक किसानों के हित में प्रारंभ की जा गई भावांतर योजना को लागू करने के लिए जिला स्तर पर प्रशासनिक अमले को दायित्व दिए गए। इस योजना की विशेषताओं को प्रत्येक स्तर पर प्रचारित किया जाए, जिससे अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिले। मध्यप्रदेश शासन किसानों को उनके उत्पादन का मूल्य दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिस तरह धान और गेहूं पर किसानों को उनके परिश्रम की कीमत दिलवाने का कार्य किया गया है, उसी तरह सोयाबीन उत्पादक किसानों को भी लाभ दिलवाया जाए। कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के अंतर्गत अधिसूचित तिलहनी फसल के लिए भावांतर योजना वर्ष 2018-19 से लागू की गई है। भारत सरकार ने घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तथा राज्य के मंडी के मॉडल भाव/विक्रय मूल्य अंतर की राशि कृषकों को दिलवाने का प्रावधान किया है। किसान पूर्व की तरह अपनी उपज मंडियों में बेचेंगे।

एमएसपी और मंडी का मॉडल भाव/विक्रय मूल्य के बीच के अंतर की राशि का किसान को डीबीटी से भुगतान किया जायेगा। किसान द्वारा ई-पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य होगा। किसान को समर्थन मूल्य बराबर ही राशि प्राप्त होगी। यदि किसान की उपज का विक्रय मूल्य एमएसपी से कम है परंतु राज्य के औसत मॉडल प्राइज के समतुल्य है, ऐसी स्थिति में भी किसान को एमएसपी और बिक्री मूल्य के भावांतर की राशि प्रदान की जाएगी। तीसरी स्थिति में कृषि उपज का विक्रय मूल्य राज्य के औसम मॉडल प्राइस से कम होने की दिशा में किसान को एमएसपी और घोषित औसत मॉडल प्राइस के भावांतर की राशि प्रदान की जाएगी। प्रत्येक स्थिति में किसान भाई का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि भावांतर योजना के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था की जाएं। संबंधित अधिकारी किसानों का हित निश्चित करें। भावांतर योजना के क्रियान्वयन को प्राथमिकता दें। जिला स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। किसानों को सही दाम मिले, इसकी मॉनिटरिंग हो एवं सभी मंडियों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराएं।



## कार में छिपे थे लाखों के फटाखे, जबलपुर से आ रहा विस्फोटक माल किया बरामद

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में बुधवार कि रात पुलिस ने एक कार से लाखों रुपए के अवैध पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने कार और माल दोनों को ज़ब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी पटाखे लेकर जबलपुर से गढ़ाकोटा की ओर आ रहा था। पुलिस ने इस कार्रवाई को विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। गढ़ाकोटा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कार में बड़ी मात्रा में अवैध पटाखों का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने चौकसी बढ़ाई और कुछ ही देर में नीले रंग की रिनॉल्ट क्विड कार एमपी 20 सीएल 1533 को रोक लिया। ओर कार की तलाशी के दौरान पुलिस ने करीब ढाई लाख रुपए के अवैध पटाखे बरामद किए। कार चालक की पहचान हरगोविंद पिता रामेश्वर कुर्मी निवासी रजाखेड़ी सागर के रूप में हुई। पुलिस ने जब उससे पटाखों के लाइसेंस के बारे में पूछा तो वह कोई दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं कर सका। गढ़ाकोटा थाने के उपनिरीक्षक लक्ष्मी प्रसाद मिश्रा ने बताया कि बरामद पटाखों की कीमत लगभग ढाई लाख रुपए है, जबकि आरोपी की कार की कीमत करीब तीन लाख रुपए आंकी गई है। दोनों को विस्फोटक अधिनियम के तहत ज़ब्त कर लिया गया है। आरोपी हरगोविंद कुर्मी जीएसटी विभाग के रिटायर्ड क्लर्क बताए जा रहे हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि ये पटाखे उन्होंने जबलपुर से खरीदे थे और उन्हें अपने दोस्त के बेटे की शादी में ले जा रहे थे, लेकिन उनके पास कोई वैध लाइसेंस नहीं था। त्योहारों के सीजन में इस तरह अवैध पटाखों की खेप पुलिस के लिए चुनौती बनती जा रही है। गढ़ाकोटा पुलिस की सतर्कता ने एक बड़ी दुर्घटना को टाल दिया, वरना ज़रा सी लापरवाही से ये कार चलता-फिरता बारूद का गोदाम बन सकती थी।



## बच्चों को एक एक पैसा जोड़ना और परमार्थ में लगाना सिखाओ : ऐलक उद्यम सागर

**रहली।** अतिशय क्षेत्र पटनागंज में चल रहे सिद्धचक्र महामंडल विधान के अंतिम दिन 1024 अर्घ और श्रीफलों के समर्पण सिद्धभक्ति के साथ सिद्धो की आराधना करते हुए एक सौआठ मंत्रों से हवन की पूर्णाहूती दी गई। आठ दिन में सवा करोड मंत्रों का जाप किया गया। ज्येष्ठ निर्यापक श्रमण मुनिश्री अभय सागर मुनिश्री प्रभात सागर, मुनिश्री चंद्रसागर, मुनिश्री निरीह सागर, ऐलक श्रीउद्यम सागर, ऐलकश्री सागर के मार्ग दर्शन एवं ब्रह्मचारी रजनीश भैया रहली ब्रह्मचारी मुकेश भैया दिल्ली के नेतृत्व में विधि विधान से, चातुर्मास कमेटी के अथक परिश्रम वा समाज के समर्पण से संपन्न विधान में अनेक स्थानों से भी समाज की उपस्थिति से सानंद संपन्न हुआ। समापन बेला पर ऐलक श्री उद्यम सागर जी ने गुरुदेव विद्यासागर जी द्वारा दिए गए उपदेशों के सारभूत संस्मरण सुनाते हुए कहा कि दान दान सात प्रकार से दिए जाते हैं जिम कम से श्रेष्ठता होती है जिन मंदिर का निर्माण जिन बम स्थापना पंचकल्याणक प्रतिष्ठा तीर्थ की वंदना जिनेंद्र पूजा जिनवाणी संरक्षण और प्रकाशन आठवां इस संसार में महत्वपूर्ण है औषधीदान, आहारदान, ज्ञान दान, अभयदान गुरुजी ने अपने जीवन में शराब को के लिए उपदेश देकर सभी प्रकार के दान करने को प्रेरित किया और उन्हें स्वर्ग और मोक्ष के द्वारा का मार्ग प्रशस्त किया गुरु जी कहते थे इन सा क्षेत्र में जिनका दान लग जाता है वह अल्पकाल में ही मोक्ष को प्राप्त कर लेते हैं आचार्य ने कहा भी है कि राय के बराबर भी जिम में प्रतिमा स्थापना करना परम सौभाग्य की बात है । परंतु चाहते हुए भी सभी किस प्रकार के दान देने में सब कुछ होते हुए भी समर्पित नहीं हो पाती। गुरुजी ने इंदौर में एक बार देश भर के श्रेष्ठ श्रावकों की उपस्थिति में कहा था कान खोलकर सुन लो जब तक शरीर में सांस बाकी है अपनी क्षमताओं का उपयोग करते हुए जिन बिंब स्थापना कर लेना यह अनंत जन्मों तक पुण्य फलीभूत होगा ।

## मनुष्य के स्वस्थ मन में ही स्वस्थ शरीर निवास करता है : डॉ प्रतिभा तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




सागर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साईंसेज (सिप्स) एवं भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश, सागर प्रसूति एवं स्त्री रोग सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय किशोर स्वास्थ और हमारी जागरूकता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। तद्पोरान्त अध्यक्षीय उद्बोधन में भारतीय स्त्रीशक्ति, सागर की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि-एक स्वस्थ जीवन के लिए केवल शरीर का नहीं, बल्कि मन का स्वस्थ होना भी उतना ही आवश्यक है। यही कारण है कि कहा गया है मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।

आज के समय में पढ़ाई का दबाव, प्रतिस्पर्धा, पारिवारिक तनाव, मोबाइल और सोशल मीडिया का प्रभाव ये सभी चीजें हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाल रही हैं। बहुत से लोग तनाव, चिंता और अवसाद (डिप्रेशन) जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन डर या झिझक के कारण वे इसके बारे में खुलकर बात नहीं करते। योग, ध्यान और नियमित व्यायाम करें, मोबाइल और सोशल मीडिया का सीमित उपयोग करें, और सबसे महत्वपूर्ण-जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ की मदद लेने में संकोच न करें। स्वस्थ मन में ही स्वस्थ शरीर निवास करता है। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में मुख्य वक्ता सागर के पूर्व जिला चिकित्सा अधिकारी, डॉ शषि ठाकुर ने कहा कि किशोरावस्था जीवन का वह दौर हैजब एक बच्चा धीरे-धीरे वयस्कता की ओर बढ़ता है। यह समय शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक परिवर्तन का होता है। यही वह अवस्था है जब जीवन की दिशा तय होती है इसलिए इस समय स्वास्थ्य और जागरूकता दोनों का विशेष महत्व होता है। जागरूकता ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है। इसके साथ ही मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य भी उतना ही अहम है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से सिप्स, सागर के प्राचार्य युवराज सिंह ने कहा कि किशोर अवस्था में तनाव, आत्म-संदेह, गुस्सा या अकेलापन जैसी भावनाएँ सामान्य होती हैं। ऐसे समय में हमें अपने माता-पिता, शिक्षकों या दोस्तों से खुलकर बात करनी चाहिए । याद रखिए-बात करने से समाधान निकलता है, चुप रहने से नहीं। स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन बसता है, और जागरूक मनुष्य ही सच्चा नागरिक बनता है।

वक्तव्य की अगली श्रृंखला में विषिष्ट अतिथि सागर की स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ ज्योति चैहान ने कहा कि किशोरावस्था जीवन का सबसे महत्वपूर्ण चरण है जब एक बच्चा वयस्कता की ओर बढ़ता है। इस समय शरीर, मन और भावनाओं में बहुत से बदलाव आते हैं। इसलिए इस उम्र में स्वस्थ व जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है।



## सत्य सांई सेवा संगठन की बैठक में मीना ताई ने कहा-भजन के साथ सेवा भी अनवरत चलती रहे

**सागर।** भगवान श्री सत्य साई बाबा की असीम कृपा से 2025 को अखण्ड भजन का आयोजन 8 नवम्बर शाम 6 बजे से 9 नवम्बर शाम 6 बजे तक सिविल लाइन, वीसी बंगला के बाजू से स्थित साई निलयम में किया जा रहा है। 24 घंटे अनवरत होने वाले भजन में सागर, देवरी, हनौता पारीक्षत और खुरई समिति सहित 16 मंडलियों के भक्त भजन गाएंगे। बुधवार को हुई बैठक में संगठन की नेशनल ट्रस्टी मीना ताई पिंपलापुरे ने कहा कि भजन के साथ-साथ सेवा गतिविधियों का संचालन सुचारु चले इसके लिए सबको सभी प्रकार की सेवा करने तैयार रहना चाहिए। ताई ने जिले भर से आने वाले भक्त, गायक, आवास, आहार, पार्किंग, ध्वनि, प्रकाश व्यवस्था की बारीकी से जानकारी ली और स्वामी को साक्षी मानकर प्रेम से सेवा करने की बात कही। इस अवसर पर आशा पिंपलापुरे, करुणा गुरु, रेखा मुखारया, कीर्ति दुबे, प्रिया विश्वकर्मा, बीके गुरु, अनिल शर्मा, डॉ प्रेम चतुर्वेदी, संजीव सुहाने, डॉ देवेंद्र मुखारया, प्रियंका विश्वकर्मा, अंकुश यादव, ललिता सेन, डीपी सेन और सभी विंगों के पदाधिकारी उपस्थित थे। सागर समिति संयोजक जितेंद्र यादव ने बताया कि भजन का समापन रविवार को महामंगल आरती के साथ किया जाएगा।

## अवैध डीएपी उर्वरक भंडारण एवं विक्रय पर दर्ज की गई एफआईआर

**सागर।** अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में राजस्व, कृषि एवं पुलिस विभाग की संयुक्त दल द्वारा डी.ए.पी. का अवैध भंडारण एवं विक्रय पर कार्रवाई की गई। प्राप्त सूचना के आधार पर पंडापुरा वाघराज वार्ड सागर में स्थित लखन पटैल के खाली मकान में छापामार कार्रवाई के दौरान डी.ए.पी. उर्वरक की 60 बोरियां संदिग्ध पाई गईं। इन बोरियों का बिना किसी बिल के संधारण होना पाया गया। मौके पर उपस्थित गौरव साहू से पूछताछ करने पर बताया गया कि उक्त उर्वरक सचिन साहू निवासी यादव कॉलोनी तहसील सागर ने लखन पटैल से मकान किराये पर लेकर अवैध उर्वरक भंडारण कर विक्रय हेतु मुझे एवं अजय रैकवार निवासी यादव कॉलोनी तहसील सागर से करवाता है। उर्वरक लाइसेंस, उर्वरक के प्राप्त स्त्रोत, बिल आदि संबंधी कोई वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। कृषक पप्पू अहिरवार ने अपने लिखित कथन में बताया कि डी.ए.पी. उर्वरक 1500 रुपये प्रति बोरी विक्रय करने हेतु आया था। संयुक्त दल द्वारा डी.ए.पी. उर्वरक भंडारण स्थल का निरीक्षण किया गया।

## कारीगरों को सहायता देने पीएम विश्वकर्मा योजना में चयन शुरू

**सागर।** पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। साथ ही पहली बार में एक लाख और दूसरी बार में 2 लाख रूपये का सस्ता ऋण मिलेगा। प्रारंभिक प्रशिक्षण 5 से 7 दिन का और 15 दिन का एडवांस प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान 500 रूपये प्रतिदिन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट भी मिलेगा। प्रशिक्षण के लिये हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया जारी है।




## शिक्षा में नैतिकता के साथ पारदर्शिता सशक्त समाज के निर्माण के लिए आवश्यक : कुलपति प्रो. ठाकुर

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा सर्तकता जारूकता अभियान 2025 कार्यक्रम का समापन अभिमंच सभागार में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय प्रभारी कुलपति प्रो. यंशवत सिंह ठाकुर ने की एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सागर संभाग के अपर आयुक्त श्री पवन जैन एवं विशिष्ट अतिथि नगर निगम आयुक्त श्री राजकुमार खत्री थे। मुख्य अतिथि अपर आयुक्त पवन जैन ने ईमानदारी एवं सत्य निष्ठा से कार्य करने का संदेश दिया तथा उन्हों ने भ्रष्टाचार को समाप्त करने हेतु प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर स्वयं की जिम्मेदारियों अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहना होगा। विशिष्ट अतिथि राजकुमार खत्री ने विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा किये गये सर्तकता जागरूता कार्यक्रम तथा गतिविधियों की सराहना करते हुये, गौर साहब के योगदान को याद किया। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो.यंशवत सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को सत्य निष्ठा से कार्य करने की बात कही तथा सभा में उपस्थित विद्यार्थियों शिक्षकों शोधार्थियों एवं विश्वाविद्यालय के कर्मचारियों को सर्तकता हमारी साझा जिम्मेनदारी सर्तकता जागरूकता 2025 की शपथ दिलाई। शिक्षाशास्त्र विभाग के संकाय एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार जैन ने स्वागत उद्बोधन में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को आभार व्यक्त करते हुए समाज एवं परिवेश में गठित होने वाली सूक्ष्म घटनाओं के प्रति सर्तकता विकसित करने हेतु इस आयोजन की महत्ता बताते हुए इस कार्यकम की भूमिका प्रस्तुत करके अतिथियों का स्वापगत किया। कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ. चिंतन वर्मा ने विश्वविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय सर्तकता जागरूकता कार्यक्रम तथा गोद लिये हुये ग्रामों में सर्तकता जागरूकता संबधी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुरत की। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रश्मि जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अभिषेक कुमार प्रजापति ने मंच संचालन किया। समारोह के अंत में कुलपति ने शपथ दिलाई।

## शिक्षाविद् स्व.जगदीशप्रसाद पांडेय जन्मजयंती सम्मान समारोह एवं स्मारिका विमोचन

# शिक्षा से जुड़ा व्यक्ति समाज में निर्माणकर्ता व अनुशासित होता है, समय का पाबंद और यह सारे गुण पंडित जेपी पांडेय में थे: विनोद मिश्रा कुलगुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




नगर के प्रसिद्ध शिक्षाविद रहे स्वर्गीय पं.श्री जगदीशप्रसाद पांडेय की स्मृति में बुधवार को रविन्द्र भवन में आयोजित जन्मजयंती सम्मान समारोह एवं बरगद होते है पिता स्मारिका का विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री म.प्र.शासन पं.अनूप मिश्रा ने कहा सभी का जन्म एक बार होता है। पर ब्राह्मण का जन्म दो बार होता है, पहला जन्म मां के गर्भ से दूसरा जब गुरु के द्वारा यज्ञोपवीत धारण कराया जाता है।

इसलिए ही ब्राह्मण द्विज कहा जाता है द्विज के अनेक नियम धर्म होते है इन्हीं के कारण ब्राह्मण श्रेष्ठ कहे जाते है । ऐसे ही शीर्ष ब्राह्मण थे स्वर्गीय जे पी पांडेय जी आज उनको स्मरण करके गौरवान्वित हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सागर के कुशल मार्गदर्शक की स्मृति में इस कार्यक्रम आयोजन के लिए श्यामलम सागर एवं अरणी फाऊंडेशन भोपाल के आयोजकों की सराहना करने ही हम आए है। क्योंकि दादा पांडेय जी हमारे ही नहीं सारे सागर के मार्गदर्शक थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर हरिसिंह गौर केंद्रीय विवि के कुलगुरु प्रो बाई एस ठाकुर ने कहा स्वर्गीय पांडेय जी का परिवार बरगद वृक्ष की तरह ही है। उनके बेटे बेटी सभी एक ही भवन में रहकर अलग अलग कार्यो में संलग्न है ये आजकल देखने को कम मिलता है। पांडेय जी सार्थक शिक्षा परिवार के साथ समाज को देकर गए हैं। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय भोपाल के पूर्व कुलपति एवं वरिष्ठ पत्रकार दीपक तिवारी ने कहा बाद और विवाद से जो व्यक्ति परे होता है उसको मै सही व्यक्ति मानता हूँ । और इसी संदर्भ में पांडेय जी की बात कर रहा हूं वो बाद और विवाद से परे अदभुद थे । मैने अनेक बार उनसे कृषि, शिक्षा और महिला उत्थान पर विचार विमर्श किया है। सारस्वत अतिथि अवंतीबाई विश्वविद्यालय सागर के कुलगुरु प्रो विनोद मिश्रा ने कहा शिक्षा से जुड़ा व्यक्ति समाज निर्माण करता है वो अनुशासित होता है समय का पाबंद होता है और अपने शिष्यों अधीनस्थों का परिवार की तरह ध्यान रखता है। ये सारे गुण पंडित जे पी पांडेय जी में थे। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के पूर्व कुलपति अखिलेश पांडेय ने कहा आज के आधुनिक परिवार में जो बिखराव हो रहा है उसमें भी अपने बहुत बड़े परिवार को जोड़कर रखने वाले स्वर्गीय पांडेय जी अक्षय बट वृक्ष ही थे।

एस वी एन विवि के संस्थापक कुलपति डॉ अनिल तिवारी ने कहा शिक्षा के साथ साथ अच्छी समाजसेवा भी की जा सकती है ये मुझे पांडेय जी ने सिखाया है वो हमारे समाज के आदर्श व्यक्तित्व थे। स्वागत भाषण पं. भरत तिवारी ने दिया, इंकमीडिया के डायरेक्टर आशीष द्विवेदी ने मंच से पांडेय जी का जीवन परिचय दिया ,सरस्वती बंदना का गायन मुकेश तिवारी एवं पूजन मंत्रोच्चार रामगोविन्द शास्त्री, रामचरण शास्त्री श्रीहरि, बालमुकुंद शास्त्री, रमाकांत त्रिवेदी, चतुर्भुज पांडेय आदि ने किया। बरगद होते हैं पिता स्मारिका का विमोचन उपरांत लेखिका डॉ मीनू पांडेय ने पुस्तक में समाहित सभी पक्षों का विस्तृत उल्लेख बताया।

ठेकेदार का आरोप-विभाग ने भंग की गोपनीयता, मनमाने ढंग से खोले निविदा लिफाफे

# बुंदेलखंड पैकेज की तर्ज पर जलजीवन में हो रही है बंदरबांटः ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जल जीवन मिशन के नाम पर विभाग की निविदा प्रक्रिया में गड़बड़झाले की बू आने लगी है। ठेकेदारों ने आरोप लगाया है कि जिस प्रकार बुंदेलखंड पैकेज में बंदरबांट कर भ्रष्टाचार करने के आरोप लगे थे। उसी तर्ज पर जल जीवन मिशन के नलकूप खनन की निविदा में विभाग ने मिलीभगत कर पारदर्शिता को ताक पर रख दिया है। तय प्रक्रिया को दरकिनार करते हुए अधिकारियों ने निविदा के तीन में से केवल एक लिफाफा खोला और उसके दस्तावेज़ सबके सामने सार्वजनिक कर दिए, जबकि बाकी दो लिफाफे दबा दिए गए। उक्त अनियमितता की शिकायत ठेकेदार अमर श्रीवास्तव ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय से की है। साथ ही उक्त निविदा प्रक्रिया को रद्द कर पुनः निविदा प्रक्रिया नये सिरे से किये जाने की मांग की है। शिकायतकर्ता ठेकेदार अमर श्रीवास्तव ने इसे गंभीर अनियमितता बताते हुए कलेक्टर और भोपाल स्थित प्रमुख अभियंता को लिखित शिकायत भेजी है तथा संपूर्ण निविदा प्रक्रिया निरस्त करने की मांग की है।

### नियमों की उडी धज्जियां गोपनीय लिफाफे खुले प्रक्रिया संदिग्ध

ठेकेदार अमर श्रीवास्तव ने अपने शिकायती आवेदन में बताया कि जलजीवन मिशन द्वारा पानी के 130 बोर करने के लिये निविदा निकाली गईं थी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 4 अगस्त 2025 थी। नियमानुसार ठेकेदारों ने अ, ब और स नामक तीन लिफाफे जमा किए थे। लेकिन विभाग ने सिर्फ़ अ लिफाफा खोलकर सभी दस्तावेज़ सार्वजनिक कर दिए। अब तक ब और स लिफाफे नहीं खोले गए हैं। इस मनमानी से निविदा की गोपनीयता भंग हो गई है और उक्त निविदा प्रक्रिया पर सवालों का साया गहराने लगा है।

### फाइलों में दबी रही प्रक्रिया

18 अगस्त को मेसर्स बालाजी एंटरप्राइजेज ने विभाग को पत्र लिखकर निविदा खोलने का आग्रह किया था, लेकिन तब विभाग मौन धारण किये रहा। ठेकेदार अमर श्रीवास्तव का कहना है कि दस्तावेज़ सार्वजनिक होने के बाद विभाग ने सभी ठेकेदारों के ऑनलाइन प्रपत्र भी सार्वजनिक कर दिए, जो नियमों के विरुद्ध है। इससे ठेकेदारों को एक-दूसरे की कमियाँ मालूम हो गईं। किसी का जीएसटी प्रमाणपत्र नहीं था, तो किसी की वाहन फिटनेस गायब थी।

### ठेकेदारों ने की निविदा निरस्त करने की मांग

सभी ठेकेदारों ने कार्यपालन यंत्री को ज्ञापन सौंपकर निविदा प्रक्रिया निरस्त करने की माँग की है। उनका तर्क है कि जब गोपनीयता और निष्पक्षता ही भंग हो गई, तो अब इस प्रक्रिया को जारी रखना जनता के पैसे से खिलवाड़ होगा।

### विभाग का बचाव करते अधिकारी बोले जाँच के बाद आगे बढ़ेगी प्रक्रिया

पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री अनिल लकरघा ने कहा कि सत्यापन करने के लिये ठेकेदारों के दस्तावेज़ पहले खोले जाते हैं। जांच के बाद ही आगे की प्रक्रिया होती है। निविदा पूरी करने के लिए तीन महीने का समय होता है, और अभी दो महीने ही बीते हैं। अधिकारी ने भरोसा दिलाया कि प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर ली जाएगी।

### ठेकेदार बोले, अधिकारी कर रहे गुमराह

ठेकेदार अमर श्रीवास्तव ने पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री अनिल लकरघा के उक्त बचाव बयान को लेकर कहा कि या तो उक्त अधिकारी महोदय को नियमों की जानकारी नहीं है, या फिर अधिकारी के द्वारा जानबूझकर गुमराह किया जा रहा है। क्योंकि नियमानुसार विभागीय सत्यापन या अन्य जांच के लिये खोली जाने वाली निविदा सार्वजनिक नहीं होनी चाहिए। अन्यथा निविदा में पाई जाने बाली कमी को ढाल बनाकर मिलीभगत किये जाने के आसार बन जाते है। और विभाग द्वारा यही कार्य कर नियमों की धज्जियां उड़ाई गईं। जिसको लेकर शिकायत की गईं है।

### विभाग पर उठ रहे हैं गंभीर सवाल...

उक्त स्थिति को देखते हुए विभाग की नियत पर गंभीर सवाल उठ रहे है कि अगर सरकारी योजनाओं की निविदाएँ ही पारदर्शी नहीं होंगी, तो जल जीवन मिशन का असली उद्देश्य कैसे पूरा होगा? क्या जल जीवन मिशन की निविदा में नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है? क्या विभागीय अधिकारियों ने किसी ठेकेदार को लाभ पहुँचाने के लिए यह खेल खेला? शिकायत होने के दो महीने बाद भी आखिर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या पारदर्शिता का दावा केवल कागजों तक सीमित रह गया है?

खाद वितरण व्यवस्था दुरुस्त करने बनाये नए नियम

# खाद में गड़बड़ी को लेकर कलेक्टर श्रोत्रिय हुए सख्त, बुलाई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में खाद वितरण व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने बैठक आयोजित कर नए निर्देश जारी किए हैं। गुरुवार को हुई उक्त बैठक में थोक विक्रेताओं के लिए नई गाइडलाइन तैयार की गई है। इसके तहत अब खाद के थोक विक्रेता रैक पॉइंट से ही सीधे फुटकर विक्रेताओं को खाद नहीं बेच सकेंगे। बल्कि इसके पहले रैक पॉइंट से खाद सीधे गोदामों में स्टॉक होगा। और फिर राजस्व एवं कृषि विभाग को सूचित कर खाद स्टॉक का आवश्यक रूप से सत्यापन कराना होगा। और जो भी बिक्रेता इन नियमों का पालन नहीं करेगा या फिर नियम पालन में लापरवाही वरतते हुए पाया जायेगा। तो उसके बिरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर श्रोतिय ने बताया कि उन्हें विभिन्न स्त्रोतों से जानकारी मिली थी कि थोक उर्वरक विक्रेता रैक पॉइंट से प्राप्त उर्वरकों को सीधे फुटकर विक्रेताओं को देते हैं। इस व्यवस्था में अब सुधार किया गया है। अब थोक विक्रेताओं को रैक पॉइंट से खाद लेने के बाद पहले उसे अपने गोदाम में स्टॉक करना होगा। इसके बाद राजस्व एवं कृषि विभाग को सूचित कर उसका सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। सत्यापन के बाद, थोक विक्रेता अपनी रिटेलर आईडी में 50 प्रतिशत उर्वरक ट्रांसफर करेंगे। इसे विपणन संघ के नकद विक्रय केंद्रों पर काउंटर लगाकर अपनी पीओएस मशीन से सीधे किसानों को वितरित किया जाएगा। शेष 50 प्रतिशत उर्वरक उसी दिन थोक उर्वरक आईडी से फुटकर विक्रेताओं को ट्रांसफर कर उनके गोदामों तक पहुंचाया जाएगा। इसी दिन संबंधित तहसील के तहसीलदार और विकासखंडों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को इसकी सूचना देनी होगी। फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के गोदामों का भौतिक सत्यापन राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में होगा। इसके बाद ही किसानों को पर्ची सिस्टम से खाद का वितरण किया जा सकेगा। आवश्यकता पड़ने पर विपणन संघ वितरण काउंटरों के साथ रिटेलर को अपनी पीओएस मशीन के साथ उपस्थित होकर किसानों को उर्वरक वितरण कराना होगा। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बैठक में सख्त लहजे में कहा कि इन नियमों का पालन न करने पर थोक विक्रेताओं के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम और उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पुत्री को बहलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक मोहल्ला में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते सोमवार को सुबह करीब 5 बजे उसकी 20 वर्षीय पुत्री बिना बताये घर से चली गयी थी। उसकी पुत्री की शादी ग्वालियर निवासी युवक से 22 नवम्बर को होना तय हुयी थी। जानकारी करने पर पता चला कि उसकी पुत्री को ग्राम कड़ेसराकलां निवासी सागर अहिरवार बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। आरोप है कि उसकी पुत्री अपने साथ सोने-चांदी के जेवरात व 40 हजार रुपये नकदी और मोबाइल फोन साथ में ले गयी है। वहीं पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

6 नव आरक्षकों को पुलिस अधीक्षक ने सौंपे नियुक्ति आदेश

# पुलिस बल की रीढ़ होता है आरक्षक पदः एसपी मंडलोई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

लॉ इन ऑर्डर कायम रखने के लिये बनाये गये पुलिस बल में आरक्षक पद इस पुलिस की रीढ़ की हड्डी होता है। समाज में कानून-व्यवस्था की स्थापना, जनमानस में सुरक्षा का विश्वास और अपराध नियंत्रण में इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं केंद्रीय होती है। उक्त उदबोधन पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने एक औपचारिक समारोह में दिया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक औपचारिक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा 06 नव नियुक्त आरक्षकों को नियुक्ति आदेश प्रदान किए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान सहित कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा नव आरक्षकों के विभाग में प्रथम प्रवेश के उपलक्ष्य में सौहार्दपूर्ण स्वागत एवं बधाई संदेश के साथ किया गया। इस दौरान नव आरक्षकों को प्रेरणा देते हुए एसपी मंडलोई ने अपने उद्बोधन में कहा कि आरक्षक पद पुलिस बल की रीढ़ की हड्डी होता है। समाज में कानून-व्यवस्था की स्थापना, जनमानस में सुरक्षा का विश्वास और अपराध नियंत्रण में इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं केंद्रीय होती है। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि कर्तव्यबोध, अनुशासन, और सेवा भावना से परिपूर्ण एक सुदृण आधारित दायित्व है। नव आरक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह अपेक्षा व्यक्त की कि वे जनता के प्रति संवेदनशील, निष्पक्ष, तथा अनुशासित आचरण को अपनी सेवा का आधार बनाएं। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में होने वाली प्रशिक्षण प्रक्रियाओं एवं मैदानी कर्तव्यों में सभी नव नियुक्त आरक्षकों को ईमानदारी, निष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता की कसौटी पर पूर्ण रूप से खरे उतरना होगा। कार्यक्रम के समापन पर सभी नव आरक्षकों को मुँह मीठा कराकर, उनके उज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दी गईं। पुलिस कर्मचारियों ने बताया कि यह अवसर नव नियुक्त कर्मियों में आत्मविश्वास, सेवा के प्रति समर्पण एवं संगठन के प्रति गौरवबोध के भाव को प्रबल करने वाला सिद्ध हुआ।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का गंभीरता से कराएं निराकरणः सीईओ

जनपद सीईओ वर्मा ने समीक्षा बैठक में दिए पंचायत कर्मचारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा



जनपद अंतर्गत आने बाली ग्राम पंचायतो में किए जा रहे निर्माण कार्यों के संबंध में जनपद पंचायत कार्यालय में गुरुवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में सहायक यंत्री एवं उपयंत्री समेत कर्मचारियों को सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के तहत आने वाली शिकायतों एवं आवेदनों का गंभीरता के साथ निराकरण किया जाये। जनपद सीईओ वर्मा ने सभी सचिव एवं अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाइन, जन सुनवाई से मिलने वाली शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करना आप सब के लिये आवश्यक कार्य है। इसके अलावा सीईओ वर्मा ने एक बगिया मां के नाम परियोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि यह परियोजना राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में से एक है। जिसमें आम, अमरूद और नींबू सहित कई फलदार पौधे रोपे गए हैं। जनपद सीईओ वर्मा ने बताया कि ये पौधे बड़े होकर वृक्ष बनेंगे। ये शुद्ध ऑक्सीजन देंगे और आने वाली पीढ़ियों को बेहतर वातावरण प्रदान करेंगे। यह परियोजना महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके तहत स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं निजी भूमि पर पौधे लगा सकती हैं। सरकार द्वारा पौधे, खाद, फेंसिंग और सिंचाई के लिए पानी के कुंड जैसी सुविधाओं के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है। इस मौके पर सहायक यंत्री एकता तिवारी, एपीओ विवेक ताम्रकार, उपयंत्री कालीचरण राजपूत, मनीष त्रिपाठी समेत तमाम कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एकराय होकर पति पर हमला करने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम ककड़ारी निवासी राजकुमारी रजक पत्नी मनोज कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते सोमवार को शाम 5 बजे उसका पति मनोज रजक घर के पास आम रास्ता पर था, तभी गांव के बृगभान सिंह पुत्र कलुआ, राजकुमार रजक पुत्र बृगभान, नरेन्द्र रजक पुत्र बृगभान सिंह ने एकराय होकर उसके पति को लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी, जससे वह घायल हो गया। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके पति को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# 'जीवन में सुख-दुख को ईश्वर का प्रसाद मान करें स्वीकार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



सागर रोड पर स्थित प्रसिद्ध गौंगावेर हनुमान मंदिर में अंगराज महोत्सव के तहत श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा था जिसका आज 5 नवंबर को समापन किया गया। कथा के अंतिम दिन रावण वध और भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की कथा का वर्णन किया गया। समापन पर यज्ञ अनुष्ठान के साथ कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगणो ने शामिल होकर धर्मलाभ लिया। कथा व्यास आचार्य बैजनाथ गंगेले ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपने सुख-दुख को ईश्वर का प्रसाद मानकर स्वीकार करना चाहिए और सदैव प्रभु स्मरण में लीन रहना चाहिए। क्योंकि जब भक्त का भाव सच्चा होता है, तो भगवान स्वयं अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। और भक्त के दुखो का हरण करते हैं। आचार्य गंगेले ने अहिल्या उद्धार का प्रसंग सुनाते हुए भगवान श्रीराम के चरणों के प्रताप का महत्व बताया। उन्होंने श्रीराम-जानकी विवाह को जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक बताया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि प्रकृति हमारी मां है और इसका अंधाधुंध दोहन हमारे अपने अस्तित्व को संकट में डाल देगा। इसलिए पृथ्वी पर जीवन बनाये रखने के लिये प्रकृति का संरक्षण बेहद जरूरी है। आयोजन समिति के सदस्य पुष्पेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा के दौरान श्रीराम-जानकी विवाह प्रसंग का भी वर्णन किया गया था। इस दौरान भजनों की ध्वनि और 'जय श्रीराम' के जयघोष से पूरा पंडाल गूंज उठा। कथा के समापन के बाद श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां डालीं। इसके उपरांत कन्या पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान सुरेश प्रसाद दौदेरिया, धनीराम सोनी, हरीश धमनियां, राजकुमार यादव, प्रमोद पटसारिया, गौरव शर्मा, राकेश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में भक्तगण और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

8 सूत्रीय मांगों को लेकर सपा ने तहसीलदार

# 'जनता के साथ हो रहे अन्याय को लेकर सपा उठाती रहेगी आवाज'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा



समाजवादी लोहिया वाहिनी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामविजय यादव ने गुरुवार को पलेरा नगर पहुंचकर विश्रामगृह में जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव समेत पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने वर्तमान भाजपा सरकार के अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए संघर्ष करने का ऐलान किया। समाजवादी लोहिया वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष रामविजय यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ता गरीबों के प्रति हो रहे अन्याय के खिलाफ मजबूत आवाज बनें। इससे जनता को यह विश्वास हो जाएगा कि सिर्फ सपा ही गरीबों को सम्मान देती है। पत्रकारों से चर्चा के दौरान प्रदेशाध्यक्ष यादव ने भाजपा सरकार पर कानून और संविधान का पालन न करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दबाव बनाकर काम कराये जा रहे है और पुलिस पर उसका कोई नियंत्रण नहीं है, जिससे आम जनता को न्याय नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार को लेकर जनता त्रस्त हो चुकी है। जनता के साथ हो रहे अन्य को लेकर सपा हमेशा आवाज उठाती रहेगी। सपा लोहिया वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष रामविजय यादव एवं जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव की मौजूदगी में तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर को 8 सूत्रीय ज्ञापन सोपा गया है।

खाद वितरण केंद्र पर दिखा पुलिस का बदला रूप, बांटे फल, किया संवाद

# एसपी के प्रयासों से सकारात्मक परिवर्तन व विश्वास की हो रही नींव मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





सकारात्मक परिवर्तन का प्रयास करते हुए आमजन मानस में पुलिस के प्रति विश्वास की नींव मजबूत करने के उद्देश्य के चलते पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जनसंपर्क और सहयोग की दिशा में बढ़ती पुलिस का खाद वितरण केंद्र पर बदला स्वरूप दिखाई दिया। जहाँ मजना चौकी प्रभारी मनोज द्विवेदी सहित पुलिसकर्मियों द्वारा संवेदनशील प्रयास करते हुए खाद बितरण केंद्र पर मौजूद किसानो से आत्मीय संवाद किया गया और फिर किसानो को फल बांटे गये।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित न रहें, बल्कि समाज के हर व्यक्ति के सुख-दुःख, परेशानियों और जरूरतों को समझते हुए संवेदनशीलता के साथ उन्हें सहायता भी प्रदान करें। इसी दिशा में कार्य करते हुए मजना पुलिस ने खाद वितरण केंद्र का दौरा किया। इस दौरान पुलिस टीम ने किसानों, हम्मालों और स्थानीय लोगों से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया, उनके जीवन की कठिनाइयों को सुना और समझा। किसानों ने अपने खेती-किसानी से जुड़ी समस्याओं को पुलिस के साथ साझा किया। हम्मालों ने अपनी रोजमर्रा की मेहनत और चुनौतियों से भरे जीवन के बारे में पुलिस से साझा की। पुलिस ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनकी भावनाओं को समझते हुए उन्हें सहानुभूति और सहयोग का अहसास दिलाया। इस अवसर पर पुलिस द्वारा किसानो, हम्मालो को फल वितरण भी किया गया, जो केवल एक भौतिक सहयोग नहीं था, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक जिम्मेदारी की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति थी। इस पहल को लेकर मजना चौकी प्रभारी द्विवेदी ने बताया कि हमारे पुलिस अधीक्षक मंडलोई का कहना है कि पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था की संस्था नहीं, बल्कि समाज के हर सदस्य के सुख-दुःख में सहभागी और सहायक भी है। उनके इन्ही प्रयासों व बदलाव की दिशा में यह कदम न केवल जनता के साथ पुलिस के विश्वास और संवाद को मजबूत करता है, बल्कि समाज में आपसी सहानुभूति, सहयोग और मानवता की भावना को भी प्रबल करता है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने इस दौरान कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति अपनी समस्याओं को लेकर खुद को अकेला महसूस न करे। पुलिस सिर्फ सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि सेवा और सहयोग के लिए भी सदैव तत्पर है।

### भौतिक सत्यापन समिति की रिपोर्ट पर जगदंबा स्कूल को फिर शामिल किया बोर्ड परीक्षा केंद्रों की सूची में

# ढोढर में गुड सेफर्ड नहीं, जगदंबा स्कूल ही बनेगा बोर्ड परीक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए प्रस्तावित किए 35 परीक्षा केन्द्रों की सूची को शिक्षा विभाग ने कलेक्टर अर्पित वर्मा के अनुमोदन के बाद मंजूरी के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की ओर भेज दी है। खास बात यह है कि इस बार ढोढर कस्बे में जगदंबा स्कूल परीक्षा केन्द्रों की सूची से हटाकर वहां के दूसरे निजी स्कूल न्यू गुड सेफर्ड इंग्लिश स्कूल को परीक्षा केन्द्र बनाने का जो प्रस्ताव तय किया था,उस प्रस्ताव में फिर से बदलाव हो गया है। भौतिक सत्यापन समिति की रिपोर्ट के आधार पर जगदंबा स्कूल को बोर्ड परीक्षा केन्द्र बनाए जाने के लिए फिर से प्रस्तावित कर लिया गया है। इसलिए तय हो गया है कि ढोढर में पूर्व की भांति जगदंबा स्कूल में भी बोर्ड परीक्षा केन्द्र रहेगा।

यहां बता दें कि पिछले दिनों शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षा के लिए 35 परीक्षा केन्द्र प्रस्तावित किए थे, जिसमें जगदंबा स्कूल ढोढर को वहां बैठने के लिए पर्याप्त कक्ष न होने का हवाला देते हुए बोर्ड परीक्षा केन्द्र बनाए जाने की सूची से हटाकर उसकी जगह ढोढर के न्यू गुड सेफर्ड इंग्लिश स्कूल को बोर्ड परीक्षा केन्द्र बनाए जाने के लिए प्रस्तावित कर लिया तथा विद्यार्थियों सहित अभिभावकों से भी प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों को लेकर दावे आपत्तियां मांगी गई। बताया गया है कि दावे आपत्ति के दौरान सिर्फ ढोढर में जगदंबा स्कूल को बोर्ड परीक्षा केन्द्र क्यों न बनाए जाने को लेकर विद्यालय प्रबंधन के साथ ही जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी आपत्ति दर्ज कराई गई। आपत्ति के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी को भी अवगत कराया कि जगदंबा स्कूल में नए कक्ष बना दिए गए है। वहां बोर्ड परीक्षा होने में किसी तरह की कोई असुविधा न होगी। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने परीक्षा केन्द्र को निर्धारण करने के लिए विकासखंड स्तर पर गठित भौतिक सत्यापन समिति को फिर से ढोढर पहुंचकर जगदंबा स्कूल का परीक्षण किए जाने के निर्देश दिए। भौतिक सत्यापन समिति ने परीक्षण के बाद जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपी रिपोर्ट में बताया है कि जगदंबा स्कूल में दूसरी मंजित पर चार नए कक्ष बना दिए गए है। इसलिए वहां बोर्ड परीक्षा सम्पन्न होने मे किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। इस रिपोर्ट के बाद शिक्षा विभाग ने 35 प्रस्तावित बोर्ड परीक्षा केन्द्रों की सूची में गुड सेफर्ड स्कूल को हटाकर उसकी जगह जगदंबा स्कूल को प्रस्तावित कर लिया है और प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों की सूची को स्वीकृति के लिए माशिमं की ओर भेज दिया है।




#### 10 परीक्षा केंद्र संवेदनशील तो 4 अतिसंवेदनशील

शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षा के लिए 35 परीक्षा केन्द्र प्रस्तावित किए गए है,इनमें 21 परीक्षा केन्द्र को सामान्य परीक्षा केन्द्र, 10 परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील परीक्षा केन्द्र तथा 4 परीक्षा केन्द्रों को अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्र के रूप में चिन्हित भी कर लिया है। बताया गया है कि संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों की सूची में जिन परीक्षा केन्द्रो को रखा गया है,उनमें शामावि सोंईकलां, शामावि प्रेमसर, शासकीय हाईस्कूल जैनी, शामावि पहेला, शामावि श्यामपुर, शासकीय हाईस्कूल ननावद, सरस्वती ज्ञान मंदिर बडौदा, श्रीलीलाधर आदर्श विद्या मंदिर बीरपुर, श्री सिद्धी विनायक डीएलएड कॉलेज गसवानी, जगदंबा स्कूल ढोढर शामिल है। जबकि अतिसंवेदन शील परीक्षा केन्द्रों की सूची में शामावि इकलौद, अंबिका स्कूल इकलौद, उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर, मॉडल स्कूल विजयपुर को रखा गया है।

#### बोर्ड परीक्षा केंद्र के लिए ये स्कूल किए प्रस्तावित

जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग के मुताबिक बोर्ड परीक्षा के लिए प्रस्तावित 35 परीक्षा केन्द्रों की सूची को माशिमं की ओर भेज दी गई है। इस सूची में शासकीय कन्या उमावि श्योपुर,सरस्वती विद्या मंदिर श्योपुर, शाउमावि ढोढर, शाउमावि मानपुर, शामावि दांतरदा, शाउमावि बडौदा, राजीव गांधी स्कूल बडौदा, उत्कृष्ट स्कूल कराहल, मॉडल स्कूल कराहल, शामावि बरगवां, शामावि सेसईपुरा, शामावि आवदा, शाउमावि आवदा, शासकीय कन्या उमावि विजयपुर, शाउमावि बीरपुर, शामावि अगरा,उत्कृष्ट स्कूल विजयपुर, मॉडल स्कूल श्योपुर, अल्फा इंग्लिश स्कूल श्योपुर, शासकीय हाईस्कूल गसवानी, कन्या शिक्षा परिसर ढेंगदा, शामावि सोंईकलां, शामावि प्रेमसर, शासकीय हाईस्कूल जैनी, शामावि पहेला, शामावि श्यामपुर, शासकीय हाईस्कूल ननावद, सरस्वती ज्ञान मंदिर बडौदा, श्रीलीलाधर आदर्श विद्या मंदिर बीरपुर, श्री सिद्धी विनायक डीएलएड कॉलेज गसवानी, जगदबां स्कूल ढोढर, शामावि इकलौद, अंबिका स्कूल इकलौद, उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर, मॉडल स्कूल विजयपुर शामिल है।

#### इनका कहना है

भौतिक सत्यापन समिति की रिपोर्ट के आधार पर जगदंबा स्कूल को फिर से बोर्ड परीक्षा केन्द्रों की सूची में शामिल कर लिया गया है और सभी प्रस्तावित बोर्ड परीक्षा केन्द्रों की सूची को स्वीकृति के लिए भोपाल भेज दिया गया है।

एमएल गर्ग
डीईओ,श्योपुर

### सोंईकला के सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित

# समाज निर्माण में नारी शक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण:हेमलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एक सशक्त समाज के निर्माण में नारी शक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। बिना नारी शक्ति के योगदान के कोई भी देश तरक्की नहीं कर सकता। इसलिए महिलाएं समाज निर्माण में अपनी भूमिका को समझे और अपने बच्चों को अच्छे संस्कार प्रदान करें ताकि बच्चे बडे होकर न केवल अच्छे नागरिक बन सके और समाज और राष्ट्र निर्माण में अपना अहम योगदान कर सके।

यह बात सरस्वती शिश मंदिर श्योपुर की जिला संयोजिका हेमलता बाजपेयी ने बुधवार को ग्रामीण शिक्षा समिति जिला श्योपुर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर सोईकला में आयोजित सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को मुख्य वक्ता की आसंदी संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सोंईकलां की पूर्व सरपंच मांगी बाई ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेविका अंजना मारवाडी ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी और उपस्थित महिलाओं से अपने घर परिवार और समाज में अपनी भूमिका को सजगता से निभाने के लिए प्रेरित किया। जबकि नीता गौतम ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपने विचार प्रकट किए। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत सरस्वती वंदना के साथ किया गया।






कार्यक्रम में संयुक्त परिवार परंपरा निभाने वाली, सेना में सेवा कर रहे परिवारों की माताओं और सामाजिक कार्यों में अग्रणी मातृशक्ति को मंच पर सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी माताओं ने समाज सेवा और संस्कार संवर्धन का सामूहिक संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का संचालन नेहा दीदी ने किया तथा अतिथियों का परिचय रितु दीदी ने कराया।जबकि प्रश्नोत्तरी सत्र रीना गौड दीदी ने रोचक शैली में संपन्न कराया। इस अवसर पर समिति से लक्ष्मीनारायण शर्मा, सुधाकर पचौरी, जिला प्रमुख सोबरन सिंह तोमर, प्रधानाचार्य बहादुर सिसोदिया सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# चीतों की कूनो में प्रजनन ग्रोथ पर अफ्रीकी विशेषज्ञों ने संतुष्टि जताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

70 साल बाद भारत की धरती पर नामिबिया और दक्षिण अफ्रीका से लौटा चीता कूनो नेशनल पार्क में किस तरह सर्वाइव कर रहा है इसकी जानकारी लेने गुरुवार को पांच सदस्यीय दक्षिण अफ्रीकी दल कूनो पहुंचा जहां उन्होंने चीतों की प्रजनन क्रिया पर संतुष्टि जताई। ओर चीता प्रोजेक्ट के बारे में स्थानीय अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

पांच सदस्यीय दक्षिण अफ्रीकी प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को कूनो पार्क का दौरा किया। चीता परियोजना के फील्ड निदेशक द्वारा पिछले तीन वर्षों में कुनो में चीता प्रबंधन पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इसके बाद गुरूवार को भी दल ने क्षेत्र का दौरा किया जिसके बाद प्रतिनिधिमंडल गांधीसागर वन्यजीव संतौरी, मंदसौर के लिए रवाना हो गया। दक्षिण अफ्रीकी प्रतिनिधिमंडल ने प्रोजेक्ट चीता के तहत चीता संरक्षण में भारत सरकार, मध्य प्रदेश सरकार और कूनो प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की। दक्षिण अफ्रीका से आए प्रतिनिधि मंडल में एंथोनी मिशेल, काम चेट्टी, सेवानिवृत्त अधिकारी, सैम फरेरा, सैनपार्क्सलीड जीवविज्ञानी, ब्रेंट कवरडेल, एज़ेमवेलो केजेडएन वाइल्डलाइफ में पशु वैज्ञानिक, जीनिएटा सेलियर, एसएएनबीआई में वरिष्ठ वैज्ञानिक शामिल थे। उनके साथ कूनो भ्रमण के दौरान एसपी यादव, प्रबंध निदेशक, इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) और सलाहकार, चीता परियोजना। सुभारंजन सेन, पीसीसीएफ (वन्यजीव) और सीडब्ल्यूएलडब्ल्यू, मध्य प्रदेश संजयन कुमार, आईजी एनटीसीए, भारत सरकार, भारतीय प्रतिनिधि मंडल में शामिल थे।




#### अफ्रीका से लाए गए 12 चीते

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर, 2022 को नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को कुनो के एक विशेष बाड़े में छोड़ा था। फरवरी 2023 में, भारत ने दक्षिण अफ्रीका से 12 और चीते आयात किए। अब तक, नौ वयस्क आयातित चीते और भारत में जन्मे दस शावकों की मृत्यु हो चुकी है, जिससे देश में कुल 26 शावक पैदा हुए हैं। भारतीय जलवायु और कूनो के नए परिवेश में चीतों का पालन मुश्किल जरूर था लेकिन यह सफल रहा और इस सफलता पर अफ्रीकी प्रतिनिधि मंडल ने संतुष्टि जताई है खासकर चीतों की प्रजनन क्षमता को देखते हुए अफ्रीकी प्रतिनिधिमंडल खासा उत्साहित दिखा।

## एनक्यूएएस की टीम ने किया अस्पताल का निरीक्षण,लिया स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा



श्योपुर। एनक्यूएएस की टीम गुरूवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण करने के लिए श्योपुर पहुंची। तीन सदस्यीय टीम ने जिला अस्पताल का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और मरीजों से चर्चा करते हुए उनसे भी स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी हांसिल की। तीन सदस्यीय एनक्यूएस की टीम गुरूवार की सुबह निरीक्षण करने के लिए जिला अस्पताल पहुंची। जिसमें डॉ प्रशांत नायक ग्वालियर, डॉ साकेत चौरसिया भिण्ड, नर्सिंग ऑफिसर रीना यादव भिण्ड शामिल थे। जिला अस्पताल पहुंची इस टीम का सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल सहित अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। टीम के निरीक्षण के मद्देनजर जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं बेहतर दिखाई पड रही थी, ओपीडी में अक्सर खाली रहने वाली डॉक्टरों की कुर्सियों पर डॉक्टर बैठकर मरीजों को देखते दिखाई पड रहे थे। डॉक्टर से लेकर अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मचारी तक ड्रेस कोर्ड में नजर आ रहे थे। जिला अस्पताल के अंदर दाखिल हुई तीन सदस्यीय टीम अस्पताल प्रबंधन से चर्चा करने के बाद तीन अलग अलग दलों में विभाजित होकर जिला अस्पताल का निरीक्षण करने में जुट गई है। इस दौरान टीम ने ओपीडी, इमरजेंसी कक्ष, जनरल वार्ड, एक्सरे विभाग, एनआरसी, बच्चा वार्ड,एसएनसीयू वार्ड, आईसीयू वार्ड प्रशासनिक विभाग, दवा वितरण केन्द्र, पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड विभाग,पीएम हाउस सहित अन्य 17 विभागों का निरीक्षण किया। इसके अलावा टीम ने चिकित्सकों ,मेडिकल स्टाफ और मरीजों से बात की और उनसे स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जाना। अस्पताल परिसर की साफ-सफाई को भी देखा। सफाई व्यवस्था को लेकर टीम ने अंसतोष व्यक्त करते हुए सुधार किए जाने के लिए निर्देशित किया। सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने बताया कि यह टीम शुक्रवार को भी जिला अस्पताल का निरीक्षण करेगी।

### युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए श्योपुर जिले में थे दो दावेदार

# रामभरत मीणा 380 मतों से एक बार फिर युवा कांग्रेस श्योपुर के जिलाध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

युवा कांग्रेस श्योपुर के जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा एक बार फिर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष निर्वाचित हो गए है। जिलाध्यक्ष बनने के लिए जिले में दो दावेदार मैदान में थे, इस दौरान रामभरत मीणा ने संगठन स्तर का यह चुनाव 380 वोटों से जीता है। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने के लिए दूसरे दावेदार विजयपुर के रवि जादौन थे। चुनाव परिणाम की घोषणा गुरूवार को भोपाल स्तर से की गई। चुनाव परिणाम उजागर होते ही युवा कांग्रेसी नेता रामभरत मीणा के समर्थकों में उत्साह की लहर दौड गई है। नव निर्वाचित अध्यक्ष रामभरत मीणा को बधाइयां देने का सिलसिला दिनभर जारी बना रहा।

नव निर्वाचित युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा ने बताया कि इस बार कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशन में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए ऑनलाइन मतदान कराया गया। इसके लिए श्योपुर जिले में युवा कांग्रेस की सदस्यता लेने वाले 1209 युवा कांग्रेसियों के द्वारा जुलाई माह के दौरान ऑनलाइन मतदान किया गया। इस मतदान के परिणामों की घोषणा गुरूवार को भोपाल से गई है। इस दौरान 1255 मत रामभरत मीणा को मिले। वहीं रवि जादौन को 875 वोट प्राप्त हुए है। शेष वोट निरस्त हो गए है। इस तरह 380 मतों से रामभरत श्योपुर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष निर्वाचित किए गए है।



#### लगातार दूसरी बार जिलाध्यक्ष बने रामभरत

नव निर्वाचित युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा लगातार दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनाए गए है। इसके पहले वे जुलाई 2024 में युवा कांग्रेस श्योपुर के जिलाध्यक्ष बनाए गए थे। इसके बाद वे दूसरी बार जिलाध्यक्ष अब नवंबर 2025 में निर्वाचित हुए है।

#### भूपेंद्र श्योपुर तो संतोष बने विजयपुर विधानसभा अध्यक्ष

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष के निर्वाचन के साथही विधानसभा अध्यक्षों का निर्वाचन किया गया। जिसमें श्योपुर विधानसभा अध्यक्ष पद पर भूपेन्द्र आर्य अध्यक्ष निर्वाचित हुए है। वहीं विजयपुर विधानसभा अध्यक्ष पद पर संतोष दोनावत अध्यक्ष निर्वाचित हुए है। बता दें कि जिले के दोनो विधानसभा अध्यक्ष पदो के लिए एक एक ही दावेदार थे।

### शहर के सौंदर्यीकरण और लचर यातायात व्यवस्था सुधार की बनाई थी योजना

# पांच साल पहले बनाई गई विकास की योजना को धरातल पर उतरने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

लचर यातायात व्यवस्था को सुधारने और शहर के सौंदर्यीकरण के सुधार के लिए जिला प्रशासन द्वारा तत्कालीन कलेक्टर राकेश श्रीवास्तव के समय बनाई गई कार्ययोजना को पांच साल बीतने के बाद भी शुरू होने का इंतजार है। जब यह कार्ययोजना बनाई गई थी तब इसे शहर की लाईलाज घोषित की जा चुकी ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा था और प्रशासन ने इसकी ब्रांडिंग भी खूब अच्छे से की थी लेकिन उक्त कार्ययोजना को तैयार करे पांच साल का समय बीत चुका है लेकिन योजना को अभी भी शुभारंभ का इंतजार है जिसके चलते शहर की बदहाल होती जा रही यातायात व्यवस्था ओर अधिक बदहाल होती जा रही है। खास बात यह है कि इस योजना के शिल्पकार माने जाने वाले तत्कालीन एसडीएम रूपेश उपाध्याय पांच साल बाद भी श्योपुर में पदस्थ हैं और अब तो वे प्रमोट होकर एडीएम भी बन गए हैं।

वर्ष 2020 में तत्कालीन कलेक्टर राकेश श्रीवास्तव ने श्योपुर शहर के विकास के लिए जो प्लानिंग की थी उसके तहत नगरपालिका को शहर के बाजारों पर से यातायात का भार कम करने के लिए तीन आंतरिक बाईपास विकसित करने थे। इसके अलावा ग्वालियर की तर्ज पर बंजारा डैम के पास नया ट्रांसपोर्ट नगर बनाने, शहर में यात्री बसों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए सलापुरा नहर के पास नया यात्री बस स्टैंड और वाहन पार्किंग स्थलों का निर्माण कराए जाने की योजना भी तैयार की गई थी। हालांकि तत्कालीन प्रशासन ने इस योजना को धरातल पर उतारने के लिए सरकारी स्तर पर प्रयास भी किए लेकिन ओर उनके लिए मुख्यमंत्री अंधों संरचना के तहत मिले एक करोड़ रूपए से बगवाज पुलिया से किला तक सीसी रोड बनवाया लेकिन इस रोड को प्रशासन आगे नहीं बढ़ा सका और एक साल बाद वर्ष 2021 में आई बाढ़ के बाद उन अफसरों के भी ट्रांसफर हो गए जिससे या योजना




#### न ट्रांसपोर्ट नगर बाहर गया न यात्री बसों का प्रवेश रुका शहर में

तत्कालीन कलेक्टर राकेश श्रीवास्तव के समय ही आंतरिक बाईपास के साथ-साथ शहर के बीच में आ गए ट्रांसपोर्ट नगर को शहर से बाहर भेजे जाने की योजना बनाई गई थी इसके लिए बंजारा डैम के ऊपर सरकारी जमीन नगर पालिका को ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने के लिए आवंटित भी कर दी गई 5 साल बीतने के बाद भी नगर पालिका वहां एक पत्थर तक नहीं लगा सकी है। गाहे बगाहे उक्त स्थल पर ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने के प्रेस नोट प्रशासन जरुर प्रकाशित करता रहता है। उधर शहर के बीच भीतर से यात्री बसें न गुजरे इसके दिए बस स्टैंड के पीछे बाईपास बनाया गया है इसके अलावा भी तब सलापुरा के पास एक और बस स्टैंड विकसित करने की योजना बनाई थी पर नया बस स्टैंड विकसित तो छोड़ो जो बस स्टैंड अभी मौजूद है उसके बाईपास बस स्टैंड के पीछे पीछे से कबीर आश्रम के सामने तक वाले रोड का उपयोग बस संचालक ठीक से नहीं कर रहे हैं जिसके चलते बस स्टैंड से पटेल चौक और बड़ौदा रोड तक बसों के आने जाने से जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

#### शहर के इन इलाकों में बनने थे आंतरिक बाईपास

-बाईपास नं 1: जिला अस्पताल के सामने से ईदगाह रोड से बगवाज पुलिया से होते हुए, किला गेट, कर्बला घाट से मछली मार्केट तक आंतरिक बबाईपास विकसित करना था।

बाईपास नं 2: सलापुरा नहर से कॉलेज के पीछे होते हुए मधुवन कॉलोनी बाइपास रोड को क्रॉस कर चंबल कॉलोनी पाली रोड गोशाला तक रोड का निर्माण व चौड़ीकरण,

बाईपास नं 3: ईदगाह कब्रिस्तान से वार्ड दो को जोड़ते हुए वाल्मीकि बस्ती की पुलिया से नपा के पीछे से होते हुए जय स्तंभ तक सड़क निर्माण व चाडीकरण,

बाईपास नं 4: शिवपुरी रोड पर जेल के सामने से मोहर डूंगरी पुल से ढेंगदा होते हुए कलारना रोड तक रोड का निर्माण व चौड़ीकरण,

बाईपास नं 5: नए एसपी ऑफिस से नगर पालिका मैरिज गार्डन, गैस गोदाम रोड को जोड़ने वाले नए रोड का निर्माण और चौड़ीकरण

बाईपास नं 6:जयस्तंभ से पुराना अस्पताल परिसर के बीच से बड़ौदा रोड कबीर आश्रम के पास तक नया बाईपास विकसित करना

#### इनका कहना है

शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए जो भी संभव होगा,वो प्रयास फिर से करेंगे और संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी करेंगे।

रूपेश उपाध्याय
एडीएम श्योपुर

# सोशल मीडिया महासागर जिसमें असामाजिक तत्व सक्रिय:राजीव

### नगरपालिका में हुई साइबर सुरक्षा पर संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सोशल मीडिया एक महासागर है जिसमे कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा आमजन को लालच में फंसाकर ठगी की जाती है। इस ठगी से बचने का एक मात्र रास्ता जागरूकता है, इसलिए सोशल मीडिया पर बिना सोचे समझे किसी से संबंध न बनाए यह बात एसडीओपी राजीव गुप्ता ने गुरुवार को नगरपालिका सभागार में साइबर सुरक्षा पर आयोजित संगोष्ठी में लोगों को समझाइश देते हुए कही।

सोशल मीडिया के बढते हुए दुरूपयोग के कारण आज समाज में साइबर ठगी के अपराध बढते जा रहें है। इसे दृष्टिगत रखते हुए एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देश पर लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही कार्यशाला के क्रम में गुरुवार को नगरपालिका सभागार में ''सायबर अपराध एवं सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाव'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीओपी राजीव गुप्ता ने कहा कि सोशल मीडिया एक महासागर है जिसमे कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा आमजन को लालच में फंसाकर ठगी की जाती है। उससे बचने के लिए हमें सुरक्षा उपाय अपनाने होंगे। कार्यशाला में सायबर सेल के राज वल्लभ यादव ने उपस्थित जन प्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारियों को सायबर अपराध क्या है, उसके प्रकार एवं उससे सुरक्षा के उपाय बताये। संगोष्ठी के अंत में सीएमओ आरआर यादव ने उपस्थित जन प्रतिनिधियों, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, पार्षद सलाउद्धीन, पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद शब्बीर नागौरी, महावीर बाल्मीक, कोतवाली टीआई सतीश चौहान, उप निरीक्षक कमलेन्द्र सिंह कुशवाह, निर्मला तिवारी एवं नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन आदित्य चौहान द्वारा किया गया।



## लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध एवं सटीक मतदाता सूची जरूरी: गुप्ता




श्योपुर। सभी योग्य पात्र मतदाता के नाम सूची में जुड़े, अपात्र के हटाए जाएं मतदाता सूची सही ओर विश्वसनीय बने, इसी उद्देश्य से एसआईआर किया जा रहा है प्रत्येक मतदाता संगणना फॉर्म अवश्य भरें, यह बात एसआईआर के जिला संयोजक एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता ने प्रेमसर में कही। भारत निर्वाचन आयोग एसआईआर अभियान कार्यक्रम के तहत के तहत 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के विषय को लेकर आज प्रेमसर मंडल की हनुमान जी मंदिर पर कार्यशाला आयोजित हुई जिसे संबोधित करते हुए जिला संयोजक कैलाश नारायण गुप्ता ने कहा कि सभी योग्य पात्र मतदाता के नाम सूची में जुड़ जावें, अपात्र के हट जावें तथा वह सही - विश्वसनीय बने, इसी उद्देश्य से प्रत्येक मतदाता संगणना फॉर्म अवश्य भरें, अपना फोटो और दो प्रमाण के साथ बी एल ओ को जमा करायें। यह लोकतंत्र की मजबूती और आपके मताधिकार की रक्षा के लिए आवश्यक है। कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष हरि सिंह मीणा लवली, जिला महामंत्री संजय अकोदिया एवं मंडल अध्यक्ष मनोज सुमन ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संचालन मंडल महामंत्री किशन मीणा ने किया। कार्यशाला में मंडल के पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी तथा बूथ के अध्यक्ष, मंत्री, बी एल ए बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। मंडल के अंतर्गत 42 मतदान केन्द्र तथा 8 शक्ति केन्द्र है।

## खबर संक्षेप

### गुरुनानक देव जी की जयंती पर प्रसादी का वितरण किया

**अशोकनगर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी लायंस क्लब अशोकनगर द्वारा गुरु नानक देव जी की जयंती के शुभ अवसर पर प्रसादी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर लगभग 50 किलो लड्डू एवं जल की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के दौरान डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि लायंस क्लब अशोकनगर पिछले 25 वर्षों से निरंतर रूप से गुरु नानक देव जी की जयंती के इस पावन अवसर पर सेवा कार्य करता आ रहा है। इस वर्ष के कार्यक्रम के संयोजक लायन जगदीश मिगलानी एवं लायन रणजीत सिंह संधू रहे। कार्यक्रम के दौरान लायन रणजीत सिंह संधू ने गुरु नानक देव जी के जीवन और उपदेशों का महत्व बताते हुए सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

### ग्राम कुंवरपुर में दो पक्ष आपस में भिड़े 3 घायल

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत मंगवार को दोहपर के 3 से 4 बजे के बीच में एक ही समाज के दो पक्षों में खेत की जुताई को लेकर झगड़ा हो गया। इस घटना में दोनों पक्षों की ओर से मारपीट की गई लेकिन एक पक्ष के 3 लोगों को ज्यादा चोटें आईं है जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जिनमें भूरेलाल पुत्र अनंत सिंह लोधी उम्र 32 वर्ष, गुडडी बाई पति भूरेलाल लोधी उम्र 29 वर्ष, एवं भतीता अभय लोधी को गंभीर रूप से घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार करा रहे भूरेलाल ने बताया कि मैं अपने खेत पर था और बडे भाई ट्रेक्टर लेकर खेत जोतने आ रहे थे। तभी हमारे टेक्टर को हरनाम सिंह और थान सिंह लोधी ने रोका। हमने पूछा क्यों रोक रहे हो तो उनके अन्य साथी हथियार लेकर आ गए और हम पर हमला कर दिया। हमला करने वालों घनश्याम लोधी, रविन्द्र, विपिन, सनमान,प्रदुम्न लोधी ने मुझ पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया वहीं मेरी पत्नी को भी धार दार हथियार से हमला किया साथ ही मेरे भतीजे के साथ भी मारपीट की। उक्त सभी को उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत संजय स्टेडियम के पास निवासी अनिकेत खटीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अलफेज खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगेश्री रोड निवासी सीमा शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बद्रीप्रसाद कुशवाह, पूजा कुशवाह निवासी पठार मोहल्ला ने कुत्ते की बात पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी विजय अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विनोद और गोलू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुंवरपुर निवासी प्रदीप लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जयपाल, भूरा जगदीश और भागराज लोधी ने पटपरा वाले खेत में उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खानपुर निवासी कैलाश आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजू कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढोडिया निवासी भंवर सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कमला, जजवीर, बलवीर और पवन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरई निवासी सुषमा यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रचना लोधी, प्रदीप यादव ने खेत पर अवैध कब्जा कर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### करैरा नगर परिषद में फर्जी प्रस्ताव व रिकॉर्ड हेराफेरी का आरोप, एसडीएम से गुहार

# अध्यक्ष पति के दबाव में काम कर रही परिषद, 2 पार्षदों ने सौंपा शिकायत पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



नगर परिषद करैरा में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का पर्दाफाश करते हुए वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद शालिनी सोनी तथा वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद खुशबू यादव ने गुरुवार को एसडीएम को अलग-अलग शिकायती आवेदन सौंपे। दोनों पार्षदों ने अपने आवेदनों में एक समान बिंदुओं का उल्लेख करते हुए फर्जी प्रस्ताव पारित करने, बैठक कार्यवाही में हेराफेरी करने, रजिस्टरों को छिपाने और अध्यक्ष पति के दबाव की गंभीर शिकायतें दर्ज की हैं। उन्होंने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

शालिनी सोनी और खुशबू यादव ने आवेदनों में बताया कि हालिया नगर परिषद बैठक में बजट संबंधी प्रस्ताव तथा एफडीआर वापसी का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित दिखाया गया, जबकि दोनों ने इनका खुलकर विरोध किया था। शालिनी सोनी ने स्पष्ट किया कि वे बैठक में मौजूद थीं और प्रस्ताव रजिस्टर में अपनी असहमति दर्ज की। तत्कालीन सीएमओ ने कार्यभार का हवाला देकर टिप्पणी बाद में लिखने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में उनकी असहमति को नजरअंदाज कर फर्जी सर्वसम्मति दर्शाई गई। खुशबू यादव ने भी यही आरोप लगाते हुए कहा कि यह जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का खुला उल्लंघन है। दोनों ने इसे लोकतंत्र पर हमला बताया।

पार्षदों ने नगर परिषद अधिनियम 1961 की धारा 19 का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि बैठक की कार्यवाही उसी दिन रजिस्टर में अंकित करना बाध्यकारी है, मगर करैरा में यह नियम कभी नहीं माना जाता। कार्यवाही रजिस्टर मांगने पर हमेशा बहाना बनाया जाता है कि वह अध्यक्ष महोदय के घर पर है। यह प्रथा वर्षों से चली आ रही है, जिससे पारदर्शिता पूरी तरह खत्म हो गई है। आवेदनों में पीआईसी बैठकें समय पर न होने और इनकी कार्यवाही केवल कागजों तक सीमित रहने का जिक्र है। अध्यक्ष पति के दबाव में पीआईसी रजिस्टर किसी को दिखाने की इजाजत नहीं दी जाती। कैश बुक, परिषद कार्यवाही रजिस्टर, खपत रजिस्टर, स्टोर रजिस्टर सहित सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज जनप्रतिनिधियों व जनता से छिपाए जाते हैं। मांगने पर यही जवाब मिलता है कि रजिस्टर अध्यक्ष पति के निवास पर हैं। इससे जनता का वैधानिक अधिकार छीना जा रहा है।

दोनों पार्षदों ने सूचना का अधिकार अधिनियम के दुरुपयोग पर भी सवाल उठाए। आरटीआई आवेदन दाखिल करने के बावजूद समय पर कोई जानकारी नहीं दी जाती, जो जवाबदेही की अवहेलना है। उन्होंने कहा कि ये तथ्य नगर परिषद में गहराते भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े की तस्वीर पेश करते हैं। अध्यक्ष पति का अनुचित हस्तक्षेप प्रशासनिक कार्यों को प्रभावित कर रहा है। शालिनी सोनी और खुशबू यादव ने एसडीएम से मांग की है कि सभी आरोपों की समयबद्ध व निष्पक्ष जांच कराई जाए। फर्जी प्रस्तावों, रजिस्टर हेराफेरी और अध्यक्ष पति की दखलंदाजी की पड़ताल के लिए स्वतंत्र जांच दल गठित हो। दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ नगर पालिका अधिनियम 1961 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों तहत सख्त कार्रवाई की जाए। सभी रजिस्टरों को कार्यालय में रखना अनिवार्य किया जाए और जनप्रतिनिधियों को बिना रुकावट पहुंच सुनिश्चित हो। एसडीएम कार्यालय पहुंचकर दोनों पार्षदों ने आवेदन सौंपे और जल्द कार्रवाई की उम्मीद जताई। शालिनी सोनी ने कहा कि जनता के हितों की रक्षा के लिए यह कदम उठाना जरूरी हो गया है। खुशबू यादव ने जोड़ा कि ऐसी अनियमितताएं लोकतंत्र को कमजोर करती हैं। दोनों पार्षदों का कहना है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे उच्चाधिकारियों तक गुहार लगाएंगी। यह मामला करैरा की राजनीति में नया मोड़ ला सकता है, जहां पारदर्शिता की मांग जोर पकड़ रही है।

### मौके पर पहुंचा प्रशासनिक अमला, प्राथमिकी दर्ज

## अज्ञात व्यक्तियों ने पठार पर फेंके गोवंश, एक की गई जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गौशालाओं की स्थिति को सुधारने के लिए जैसे ही कलेक्टर आदित्य सिंह सख्त हुए। उसका साइड इफेक्ट बुधवार सुबह क्षेत्र में उस समय दिखाई दिया जब खोपरा सोपरा की पठार पर सुबह सुबह ग्रामीणों को एक साथ पांच गौवंश बेहोशी की स्थिति में दिखाई दिए। जहां गौवंश थे, वहां किसी वाहन के आने के निशान भी थे। मौके पर मक्का की करप भी पड़ी हुई थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रशासन को दी। कुछ ही देर में मौके पर जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन, उप संचालक पशुपालन मनीष व्यास, एसडीएम इसरार खान, जनपद पंचायत सीईओ आलोक इटोरिया, नायब तहसीलदार कैलाश मालवीय, थाना प्रभारी अरविंद कछुवाह सहित अन्य पहुंच गए। पशु चिकित्सकों से गौवंश की जांच कराई गई तो एक बछड़ा मृत पाया गया। चार गाय बीमार होकर निशक्त स्थिति में पाई गईं। जिन्हें ग्रामीणों की मदद से खोपरा स्थित गोपाल गौशाला लाया गया। जहां उनका उपचार हुआ और उन्हें गुड़ चना आदि की व्यवस्था की गई।

#### अज्ञात पर प्रकरण दर्ज किया गया

पशु चिकित्सालय बहादुरपुर के असिस्टेंट सर्जन डॉ जितेंद्र केमडिया की शिकायत पर बहादुरपुर थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों पर पशु क्रूरता अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 352 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी कुशवाह का कहना था कि मामले की जांच की जा रही है।

**गौशाला से गौवंश लाने की आशंका:** ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि उक्त गौवंश किसी गौशाला या बाड़े से लाकर पठार पर फैंके गए हैं। क्योंकि जहां यह गौवंश पाए गए, वह स्थान मुख्य सड़क से दो सौ मीटर की दूरी पर है। मौके पर किसी ट्रैक्टर जैसे वाहन के पहियों के ताजा निशान भी थे। गौवंश जिस स्थित में था, वैसा न तो सड़कों पर है और न ही किसी निजी घरों में ऐसा होता।

### ग्रामीणों को मुस्कान अभियान के तहत जागरूक किया



**राजपुर।** कस्बा राजपुर में हाट बाजार में वुधवार को मुस्कान अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया। जिसमें बाल विवाह, पोक्सो एक्ट, साइबर अपराध, बथुआ मजदूरी आदि से संबंध जानकारी देकर समझाइस दी गई। इस दौरान ग्रामीणों से कहा गया कि वह अपने जीवन में अपराध से बचें और जागरूक रहें। जब भी कोई घटना दुर्घटना हो तत्काल प्रभाव से इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दें।

## गुरुनानक जयंती पर हुआ प्रश्न-उत्तर स्वाध्याय सत्संग



**अशोकनगर।** कार्तिक शुक्लपक्ष पूर्णिमा बुधवार को गुरुनानक जयंती के अवसर जन अभियान परिषद मप्र द्वारा चयनित संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा श्री राधा कृष्ण मंदिर ग्राम गर्रोली में श्रीमद्भगवद्गीता के द्वितीय अध्याय का प्रश्नोत्तर अनुसार स्वाध्याय सत्संग किया और संगीतमय रामधुन की। ग्राम गर्रोली में स्वाध्याय के आयोजक अमरसिंह यादव ने पूजा अर्चना कर सभी गीताप्रेमियों को तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

समिति द्वारा गांव गांव में जाकर प्रति रविवार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय की शुरूआत की जा रही है जिससे गांव गांव में सबको गीता पढ़ने के लिए लगन लग रही है जिससे सभी उत्साह के साथ गांव में सामूहिक स्वाध्याय करना प्रारम्भ कर रहे हैं। गीताव्रती रामबली यादव ने व्याख्या करते हुए बताया श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय 2 के श्लोक 23 में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं - शरीर में स्थित इस आत्मा को शस्त्र काट नहीं सकते, जल गीला नहीं कर सकता, अग्नि जला नहीं सकती और हवा सुखा नहीं सकती अर्थात आत्मा अजर अमर है इसलिए व्यक्ति को संसार की चिंता छोड़कर शास्त्र अनुकूल आचरण करते हुए प्रभु के बताए मार्ग का चिन्तन करना चाहिए और जन जन की सेवा करना चाहिए।




## पूर्णिमा और गुरुनानक साहब की जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया

**अशोकनगर।** बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर मध्यप्रदेश के तत्वावधान में चंद्रोदय बुद्ध विहार बायपास रोड चंदेरी में पूर्णिमा और गुरूनानक साहब की जयंती का कार्यक्रम बड़े धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संग्राम सिंह रहें। विशिष्ट अतिथि प्रकाश चंद्र बौद्ध प्रदेश सचिव और रामदयाल बौद्ध जिला उपाध्यक्ष रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोमल चंद बौद्ध तहसील अध्यक्ष ने की। कार्यक्रम का संचालन संग्राम सिंह बौद्ध तहसील कोषाध्यक्ष ने किया। मुख्य अतिथि संग्राम सिंह ने सभी को गुरु नानक साहब के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि प्रकाश चंद्र बौद्ध ने कहा कि गुरू नानक साहब ने समाज में फैली असमानता को दूर किया सभी को समता की राह दिखाई। भूखों को भोजन मिलने के लंगर की व्यवस्था की एवं समाज को सुरक्षित करने का कार्य किया। उन्होंने सिक्ख धर्म की स्थापना की। सभी को नशा से दूर रहना चाहिए। सभी शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। शिक्षा से मानव का विकास होता है। विशिष्ट अतिथि रामदयाल बौद्ध ने गुरू नानक साहब का जीवन परिचय बताया और सभी को पंचशील समझाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कोमल चंद बौद्ध ने कहा कि सभी आपसी मतभेदों को भुलाकर एक जुट रहना चाहिए। जिससे राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी और कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एड. जितेन्द्र कंचन,सिद्धार्थ गौतम बौद्ध, आदित्य, नरेंद्र पिप्पल और उपासक उपासिकाएं उपस्थित हुई।

## चंदेरी के मार्गों पर आज भी यहां के पत्थर इसकी प्राचीनता के बने हैं जीवंत प्रमाण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिले की चन्देरी नगरी के पुराने रास्ते आज भी यहां की प्राचीनता को दर्शा रहे हैं। आसपास पहाड़ों से घिरी इस नगरी के चारों ओर पत्थरों की विशालता है यहीं कारण है कि यहां के पुराने घर आज भी पत्थरों के बने हुए हैं। यहां के प्राचीन रास्तों पर आज भी वहीं पत्थर दिखाई पड़ते हैं। यह पत्थर बहु उपयोगी हैं प्राचीनता के साथ साथ यह सीसी और डामर सड़क के मुकाबले कहीं अधिक टिकाऊं हैं जो कि चंदेरी की गौरवता के प्रतीक हैं।

जब यहां के सांसद माधवराव सिंधिया थे तब वह चंदेरी विकासकरण के अध्यक्ष थे तब उन्होंने कहा था कि चन्देरी की पहचान साड़ियों के अलावा पत्थरों से भी है। अस्तु उस प्राचीन पहचान को यथावत रखा जावें और नगर के ऊबड़-खाबड़ पत्थर युक्त रास्तों में पत्थर फर्शीकरण किया जावें। जिला पर्यटन एवं संवर्धन समिति के सदस्य मजीद खांन पठान ने बताया कि तब के बाद नगर के मुख्य प्राचीन रास्तों में पत्थर फर्शीकरण किया गया।

नगर में आते जाते देशी-विदेशी सैलानियों को नगर के रास्तों में बिछे पत्थर के टुकड़े पसंद आ रहे हैं। खुशी इस बात की है वालीवुड से आते फिल्म निर्माताओं को भी चन्देरी के पुराने रास्ते उन पर बिछे पत्थर के टुकड़े प्रभावित कर रहे है और वह रास्तों में फिल्माकंन कर चन्देरी की पहचान को आगे बढ़ा रहे हैं। उनका कहना है कि सीमेंट कांक्रीट युक्त रास्ते हर कहीं देखने को मिलते हैं।

चन्देरी के पत्थर युक्त टेढ़े मेढे सीधे सपाट सकरे पुराने रास्तों की बात ही कुछ और है। आज नगर के मुख्य पुराने रास्तों, नगर स्थित स्मारकों के आगे, उनके आंगन एवं उन तक पहुंच मार्ग में बिछे पत्थर के टुकड़े चन्देरी की ऐतिहासिकता एवं मौलिकता की गवाही देते नजर आते हैं। चन्देरी पर्यटन हित में चन्देरी के पुराने रास्तों के पत्थरों की मांग है कि हमें हटाया नही जावें बाल्कि मजबूत किया जाए।

### व्रत करने वाली महिलाओं ने माता के दरबार में किया पूजन, मेले में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

# कार्तिक महिने की आखिरी पूर्णिमा पर लगा करीला धाम में मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बंगलाचौराहा



बुधवार को कार्तिक महिने की आखिरी पूर्णिमा पर लगे करीला धाम मेंले में देर शाम तक लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने मैया जानकी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। कार्तिक महिने की इस पूर्णिमा पर सबसे ज्यादा संख्या महिलाओं की रही। क्योंकि एक महिने से चल रहे कार्तिक का वृत करने वाली महिलाएं आखिरी पूर्णिमा पर करीला धाम पहुंचती है। जहां मैया के दरबार में अपना वृत पूर्ण करती है। जिसके चलते सुबह से ही करीला धाम जाने वाली महिला श्रद्धालु की भीड उमड पडी जहां आटो टेक्सी दो पहिया वाहन सहित अन्य वाहनों से श्रद्धालु करीला धाम पहुंचे तो वहीं सैकडों महिला श्रद्धालु गीत गाती हुई पैदल चलकर करीला धाम पहुंची।

जहां सबसे पहले मैया जानकी के दर्शन किए इसके बाद प्रसाद चडाकर मैया के दरबार में अपना कार्तिक का वृत पूर्ण किया।इस पूर्णिमा पर ओंडेर इकोदिया बरखेडा जमाल जसैया नेहकाई टीटोर अतरेजी घाटबमुरिया फुटेरा जमुनिया कानीखेडी दंगलया वेलई अथाईखेडा सहित अन्य आसपास गांव सहित खुरई खिमलासा बीना सागर मुंगावली चंदेरी ललितपुर सहित अन्य दूर दराज से काफी संख्या में श्रद्धालु करीला धाम पहुंचे।



#### जगह-जगह अगरबत्ती लगाकर नरियल फोड़ते दिखे श्रद्धालुजन

कार्तिक महिने की पूर्णिमा के दिन जिन श्रद्धालुओं को जहां जगह मिली वहीं अगरवत्ती ओर नरियल फोडते नजर आए।जानकी मैया के मुख्य द्वार रेस्ट हाउस के सामने मंदिर प्रागंण में लगी दान पेटियों पर भी श्रद्धालु नरियल फोडते हुए नजर आए।साथ ही पान बतासा ओर चुनरी भी दान पेटियों पर श्रद्धालु चडाते नजर आए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं व्यबसथाओं को लेकर बहादुरपुर पुलिस मुख्य मंदिर सहित मंदिर के प्रवेश द्वार निकासी द्वार एवं अन्य जगहों पर ड्यूटी करती नजर आई।

## पूर्णिमा को पंचमुखी हनुमान मंदिर पर कार्तिक महापर्व मनाया गया



**अशोकनगर।** यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर महिला श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशनलाल मिश्रा के सानिध्य में वुधवार में कार्तिक शुक्ल पक्ष पूर्णिमा बुधवार को बड़े ही उत्साह पूर्वक कार्तिक महापर्व मनाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान सत्यनारायण की कथा करवाई एवं कन्याओं को सम्मानित करके उनको प्रसादी वितरण की।

महिलाओं ने भगवान के मधुर स्वर में भजन गाए, तालाब के किनारे दीप जलते देखकर वृंदावन जैसा नजारा हो गया था। श्रद्धालूजन आनंद में विभोर हो गए। पद्म पुराण के अनुसार उन्होंने बताया कि इस दिन को देव दीपावली के रूप में भी मनाया जाता है। कहा जाता है कि देवासुर संग्राम में देवताओं की कार्तिक सुदी चतुर्दशी को विजय हुई थी। उन्होंने कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा को देवों ने जीत के ऊपर सत्य की विजय की पताका लहराई थी और उसी दिन से हर कार्तिक की पूर्णिमा को यह देव दीपावली मनाई जाती है। उन्होंने बताया कि इस दिन चार महा शुभ योग बने हुए थे इसी कारण से कार्तिक व्रतबालों को अधिक उत्साह था। उनकी जो ठाकुर पूजा थी उनके लोटा में जो गांठे लगाई गई थी, वह भी विसर्जन की गई। कल व्रत का पारण दिनांक 6 नवंबर को प्रातः 9: 00 बजे से पहले किया जाएगा।